' जंतर-मंतर पर रिपोर्टिंग के दौरान महिला पत्रकारों ने पुलिसकर्मियों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। दर्जनों पत्रकारों के प्रदर्शन के बावजूद न FIR दर्ज की गई, न ही कोई ठोस कार्रवाई हुई। शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रही महिलाओं का भी आरोप है कि पुलिस उनके साथ बहुत अभद्र तरीके से पेश आ रही है। जिस पुलिस का काम सुरक्षा देना है, उससे ही महिलाएं खतरा महसूस कर रही हैं। कॉलेज की छात्राओं से लेकर पत्रकार तक – हर जगह महिलाएं असुरक्षा का सामना कर रही हैं। @narendramodi जी, @AmitShah जी, क्या महिलाओं के साथ ये बर्ताव उचित है? अगर नहीं तो आप इसका संज्ञान क्यों

नहीं लेते?

October 3, 2026 शिकायतों में से एक में विशेष रूप से भगत पर विरोध प्रदर्शन के दौरान यौन उत्पीड़न करने और धक्का देने का आरोप लगाया गया है. शिकायतकर्ता ने बताया कि यह घटना उस समय हुई, जब वह पुलिस द्वारा ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष नेहा बोरा को हिरासत में लिए जाने की घटना को रिकॉर्ड कर रही थीं.

सीजेपी ने यह भी आरोप लगाया कि तीन शिकायतकर्ताओं में से एक महिला को 5 अक्टूबर को कई अन्य लोगों के साथ हिरासत में ले लिया गया. संगठन की कानूनी मामलों की प्रमुख रत्ना सिंह नेपर कहा कि दिल्ली पुलिस पीड़िता और अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर रही थी और उनके फोन जब्त करने पर भी विचार कर रही थी.

इस बीच, भगत के खिलाफ शिकायतें व्यापक जन आक्रोश के बावजूद लंबित रहने के दौरान, दिल्ली पुलिस ने मंगलवार कोकिया. उस पर भगत द्वारा एक महिला का यौन उत्पीड़न किए जाने का एआई-जनरेटेड वीडियो पोस्ट करने और उसे प्रसारित करने का आरोप है. पुलिस का आरोप है कि गिरफ्तार व्यक्ति नदीम अहमद अमीन, जो एक पत्रकार है, ने यह वीडियो सोशल मीडिया समाचार चैनल 'न्यूज़ आईना टुडे' से जुड़े एक इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट किया था.

ज्ञानेश कुमार के ख़िलाफ़ प्रदर्शन की अनुमति नहीं, दिल्ली मेट्रो के 57 स्टेशन बंद करने पर विचार, रेलवे ने ट्रेनें रद्द कींछात्रों पर लाठी चलाने से कोई समाधान नहीं निकलेगा, उनकी बात सुनें: मुरली मनोहर जोशी दिल्ली में इमारत ढहने से गर्भवती महिला और दो बच्चों समेत पांच की मौत, कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका

Bhaskar Hindi, Online News, 10/10/2026

Source: https://www.bhaskarhindi.com/city/new-delhi/issue-regarding-the-removal-of-the-word-brahmin-from-the-bhumihar-brahmin-caste-name-reaches-the-human-rights-commission-complaint-filed-1373908

मानवाधिकार आयोग पहुंचा भूमिहार ब्राह्मण जाति से ब्राह्मण शब्द हटाने का मामला, शिकायत दर्ज
9 Oct 2026 7:55 PM

“भूमिहार ब्राह्मण” के स्थान पर केवल “भूमिहार” अंकित करने का मुद्दा भारतीय भूमिहार ब्राह्मण महासंघ ने आपत्ति जताई आयोग से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की

डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। बिहार में जाति प्रमाण-पत्रों में पूर्व से दर्ज “भूमिहार ब्राह्मण” के स्थान पर केवल “भूमिहार” अंकित किए जाने को लेकर अखिल भारतीय भूमिहार ब्राह्मण महासंघ ने आपत्ति जताते हुए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आयोग से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहा कि बिहार सरकार के वर्तमान निर्देश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए और पूर्व प्रचलित “भूमिहार ब्राह्मण” पहचान को यथावत रखा जाए।

महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष शेखर ने एनएचआरसी को दिए पत्र में ‘भूमिहार ब्राह्मण’ समुदाय को अयाचक ब्राह्मण परंपरा से जोड़ते हुए विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित नामों का भी उल्लेख किया है और कहा है कि समुदाय की पहचान का प्रश्न केवल प्रशासनिक रिकॉर्ड तक सीमित नहीं, बल्कि उसकी सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहचान से भी जुड़ा है। शेखर ने लिखा है कि भगवान परशुराम के साथ चलने वाले अयाचक ब्राह्मण जिन्होने दान लेने को इन्कार कर दिया और कृषि कार्य को अपना मुख्य पेशा बनाया, देश के विभिन्न कोनों मे भिन्न-भिन्न नाम से जाने जाते है। ये अयाचक ब्राह्मण बिहार झारखण्ड एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश मे भूमिहार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा मे त्यागी, महाराष्ट्र मे चितपावन तथा देशस्थ, मध्य प्रदेश मे गालव, पंजाब हिमाचल प्रदेश तथा जम्मु मे मोहियाल, राजस्थान में पुष्कर्ण, बंगाल में बारिन्द्रो, उड़ीसा में हलवा, कश्मीर में कौल, गुजरात में अनाविल, आन्ध्र प्रदेश में नियोगी, कर्नाटक में हब्यक, तमिलनाडु में अयंगार तथा केरला मे नम्बूदरी के नाम से जाने जाते है।

Source: https://www.amarujala.com/haryana/ambala/crackdown-on-unhygienic-food-and-unauthorized-vendors-on-trains-ambala-news-c-36-1-amb1001-170948-2026-10-10

Hindi News › Haryana › Ambala News › Crackdown on unhygienic food and unauthorized vendors on trains

Ambala News: ट्रेनों में अस्वच्छ खाने और अनधिकृत वेंडरों पर सख्ती
Amar Ujala Bureauअमर उजाला ब्यूरो
Updated Sat, 10 Oct 2026 02:32 AM IST

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को बेचे जा रहे अस्वच्छ खाद्य पदार्थों और अनधिकृत वेंडरों की बेधड़क आवाजाही पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और रेलवे बोर्ड ने कड़ा संज्ञान लिया है। राजस्थान के धौलपुर निवासी एक जागरूक नागरिक की शिकायत के बाद रेलवे प्रशासन में अलर्ट हो गया है। उत्तर रेलवे मुख्यालय ने अपने सभी संबंधित मंडलों को मामले में सख्त कार्रवाई कर एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) सौंपने के निर्देश जारी किए हैं। राजस्थान के धौलपुर जिले के खिन्नोत गांव निवासी रामेश्वर दयाल ने अपनी पत्नी लीलादेवी दयाल के साथ ट्रेन नंबर 14211 आगरा कैंट से हजरत निजामुद्दीन इंटरसिटी में यात्रा के दौरान यह शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भेजी अपनी ईमेल शिकायत में बताया कि ट्रेनों के भीतर अनधिकृत वेंडर बिना मास्क पहने और स्वच्छता मानकों की अनदेखी कर खाद्य सामग्री बेच रहे थे।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि बिना मास्क के भोजन बेचने से थूक और सांस के कण खाद्य पदार्थों पर गिरते हैं। इससे यात्रियों के स्वास्थ्य और जीवन पर गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। उन्होंने इसे खाद्य सुरक्षा अधिनियम और मानवाधिकारों का सीधा उल्लंघन बताया। वहीं शिकायत में उन्होंने कहा, ट्रेन के भीतर अवैध वेंडरों पर रेलवे अधिकारियों की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है जबकि स्टेशन प्लेटफॉर्म पर केवल अधिकृत वेंडरों को ही अनुमति है।

मानवाधिकार आयोग और रेलवे बोर्ड का कड़ा रुख
एनएचआरसी की लॉ डिवीजन ने 9 सितंबर को रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को नोटिस जारी किया। आयोग ने निर्देश दिया कि इस मामले में 8 सप्ताह के भीतर उचित कार्रवाई की जाए और शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई से अवगत कराया जाए। इसके बाद रेलवे बोर्ड के उप निदेशक (कैटरिंग) सीएस ने 23 सितंबर को उत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक और आईआरसीटीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर समयबद्ध तरीके से विस्तृत रिपोर्ट मांगी।

उत्तर रेलवे मुख्यालय ने दिए ये निर्देश
उत्तर रेलवे मुख्यालय (बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली) के उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (कैटरिंग) राजीव कुमार मुखीजा ने 5 अक्तूबर को एक परिपत्र जारी किया। यह पत्र अंबाला मंडल के साथ दिल्ली, लखनऊ, मुरादाबाद, फिरोजपुर और जम्मूतवी मंडल के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधकों को भेजा गया है। मुख्यालय ने सभी मंडलों से निर्धारित प्रारूप में जल्द से जल्द एक्शन टेकन रिपोर्ट तलब की है, ताकि एनएचआरसी और रेलवे बोर्ड को जवाब भेजा जा सके।

Source: https://newstrack.com/amp/india/delhi-police-journalists-protest-nhrc-notice-638565

‘दूर से करें रिपोर्टिंग’, पत्रकारों को हिरासत में लेने के आरोपों पर दिल्ली पुलिस का जवाब

दिल्ली में प्रदर्शन की कवरेज को लेकर दिल्ली पुलिस का बयान सामने आया है। तीन महिला पत्रकारों की कथित बदसलूकी की शिकायत क्राइम ब्रांच को सौंपी गई, जबकि NHRC ने दो सप्ताह में रिपोर्ट मांगी।

By : Alakha Singh 2026-10-09 12:16 IST

नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदर्शनकारियों और पत्रकारों के साथ पुलिस के कथित दुर्व्यवहार को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पत्रकारों को कथित तौर पर हाउस अरेस्ट करने, ट्रेनों से उतारने और प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने के लिए लोगों को हिरासत में लेने के आरोपों के बीच दिल्ली पुलिस ने पत्रकारों को प्रदर्शन से दूरी बनाकर रिपोर्टिंग करने की सलाह दी है। वहीं, जंतर-मंतर पर 3 अक्टूबर को हुए प्रदर्शन के दौरान तीन महिला पत्रकारों के साथ कथित यौन उत्पीड़न और मारपीट की शिकायतों को आगे की जांच के लिए क्राइम ब्रांच को सौंप दिया गया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने भी मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस कमिश्नर से दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त डीसीपी (नई दिल्ली) मनजीत श्योराण ने शुक्रवार को कहा कि पत्रकारों को प्रदर्शनकारियों से थोड़ा दूर रहकर रिपोर्टिंग करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मीडियाकर्मी एक दिन पत्रकार बनकर आते हैं और अगले दिन प्रदर्शनकारी बन जाते हैं। श्योराण के मुताबिक, पुलिस लगातार मीडिया कर्मियों से दूरी बनाए रखने की अपील करती है, लेकिन कुछ लोग प्रदर्शन के बीच में आकर पुलिस के काम में बाधा डालते हैं। दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, “पत्रकारिता की अपनी भूमिका है; पत्रकारिता को रोलना नहीं है।” यह बयान ऐसे समय आया है, जब पुलिस पर प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे लोगों को कथित तौर पर जबरन रोकने और हिरासत में लेने के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं।

प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने के आरोप

ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (AISA) की प्रमुख नेहा बोरा ने आरोप लगाया कि लोगों को ट्रेनों से उतारा जा रहा है, उनके घरों से जबरन उठाकर अज्ञात स्थानों पर ले जाया जा रहा है और उन्हें विरोध-प्रदर्शनों में शामिल होने से रोका जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि मस्जिदों से लोगों को प्रदर्शन में शामिल न होने की अपील करने के लिए कहा जा रहा है। नेहा बोरा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि पुलिस एक स्वतंत्र कानून-व्यवस्था एजेंसी की तरह काम करने के बजाय भाजपा की राजनीतिक मशीनरी की तरह व्यवहार कर रही है। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर हमला करार दिया। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

तीन महिला पत्रकारों की शिकायत क्राइम ब्रांच को सौंपी

इस बीच, दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान तीन महिला पत्रकारों के साथ कथित यौन उत्पीड़न और मारपीट से जुड़ी शिकायतें क्राइम ब्रांच को सौंप दी हैं। शिकायतों की आगे की जांच कमला मार्केट स्थित क्राइम ब्रांच इकाई करेगी। डीसीपी नेहा यादव के अनुसार, तीनों महिलाओं ने खुद को पत्रकार बताते हुए शाम करीब छह बजे शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि हिरासत में लिए जाने के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके साथ मारपीट की और दुर्व्यवहार किया। नेहा यादव ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है, महिलाओं की मेडिकल जांच कराई गई है और मामले को आगे की जांच के लिए क्राइम ब्रांच भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था की आपात स्थिति के बीच नई दिल्ली जिला पुलिस को ये शिकायतें मिली थीं।

NHRC ने लिया स्वतः संज्ञान, दो सप्ताह में रिपोर्ट तलब

महिला पत्रकारों की शिकायतों को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गुरुवार को मीडिया रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लिया। आयोग ने कहा कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का मामला हो सकता है। NHRC ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। अब मामले में क्राइम ब्रांच की जांच और दिल्ली पुलिस से आयोग को मिलने वाली रिपोर्ट पर नजर रहेगी। पत्रकारों की सुरक्षा, पुलिस की कार्रवाई और विरोध-प्रदर्शनों में नागरिकों के अधिकारों को लेकर उठे इन सवालों के बीच दिल्ली पुलिस के सामने आरोपों की

निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की चुनौती है। फिलहाल, महिला पत्रकारों की शिकायतों पर जांच जारी है और आरोपों की पुष्टि जांच के निष्कर्षों के बाद ही हो सकेगी।

The Wire, Online News, 10/10/2026

Source: https://thewirehindi.com/339479/nhrc-sends-delhi-police-notice-over-journalists-sexual-harassment-allegations-against-its-personnel/

पत्रकारों द्वारा पुलिसकर्मियों पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों पर एनएचआरसी ने दिल्ली पुलिस को नोटिस भेजा

बीते 3 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान तीन महिला पत्रकारों ने दिल्ली पुलिस के कर्मियों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है. अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इसका संज्ञान लेते हुए पुलिस को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है.

द वायर स्टाफ 09/10/2026 मीडिया

नई दिल्ली: राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने गुरुवार (8 अक्टूबर) को कहा कि उसने एक मीडिया रिपोर्ट पर संज्ञान लिया है. इस रिपोर्ट में कहा गया था कि 3 अक्टूबर को राजधानी में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस के कर्मियों ने तीन महिला पत्रकारों का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया. आयोग ने एक बयान में कहा कि उसने दिल्ली पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है.

बयान में कहा गया, '5 अक्टूबर, 2026 को प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नई दिल्ली जिला पुलिस को कथित घटनाओं के संबंध में शिकायतें मिली थीं, जिन्हें जांच के लिए दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा (क्राइम ब्रांच) को स्थानांतरित कर दिया गया.'

पत्रकारों ने 3 अक्टूबर की शाम संसद मार्ग पुलिस थाने में धरना दिया और अगले दिन, 4 अक्टूबर को भी उनका धरना जारी रहा. इसी दौरान इलाके में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर दो दिन तक विरोध प्रदर्शन चल रहे थे. धरने के दौरान दिल्ली पुलिस ने 17 छात्रों और स्वतंत्र पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया. ये लोग एसीपी विवेक भगत के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे. आरोप है कि भगत ने एक महिला पत्रकार के साथ मारपीट की थी.

सोमवार (5 अक्टूबर) की रात पटियाला हाउस अदालत ने गिरफ्तार किए गए सभी 17 लोगों को जमानत दे दी. गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों की ओर से अदालत में पेश हुए वकील साइमन फारूकी के अनुसार, अदालत ने दिल्ली पुलिस के उपायुक्त को प्रदर्शनकारियों द्वारा हिरासत में मारपीट किए जाने के आरोपों पर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश भी दिया. अदालत ने संसद मार्ग पुलिस थाने के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का आदेश भी दिया.

पत्रकारों का धरना रात भर जारी रहा. अगले दिन सुबह दिल्ली पुलिस ने महिलाओं की शिकायतें मिलने की पुष्टि की. अगली सुबह पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया, 'नई दिल्ली जिला पुलिस को उनकी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच के लिए इन्हें अपराध शाखा को स्थानांतरित कर दिया गया है.'

शिकायत दर्ज कराने वाली महिलाओं को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के साथ-साथ कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का भी समर्थन मिला. राहुल गांधी ने कहा कि पुलिस का सबसे बुनियादी काम एफआईआर दर्ज करना है, लेकिन इस मामले में वह ऐसा नहीं कर रही थी. कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'जिस पुलिस का काम सुरक्षा प्रदान करना है, वही महिलाओं को असुरक्षित महसूस करा रही है. कॉलेज की छात्राओं से लेकर पत्रकारों तक – हर जगह महिलाएं असुरक्षा का सामना कर रही हैं. नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह जी, क्या महिलाओं के साथ यह बर्ताव उचित है? अगर नहीं, तो आप इसका संज्ञान क्यों नहीं लेते?'

सीजेपी के अभिजीत दिपके ने दिल्ली पुलिस के आरोपी एसीपी को गिरफ्तार करने की मांग की. शिकायतों में से एक में विशेष रूप से भगत पर विरोध प्रदर्शन के दौरान यौन उत्पीड़न करने और धक्का देने का आरोप लगाया गया है. शिकायतकर्ता ने बताया कि यह घटना उस समय हुई, जब वह पुलिस द्वारा ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा को हिरासत में लिए जाने की घटना को रिकॉर्ड कर रही थीं.

सीजेपी ने यह भी आरोप लगाया कि तीन शिकायतकर्ताओं में से एक महिला को 5 अक्टूबर को कई अन्य लोगों के साथ हिरासत में ले लिया गया. संगठन की कानूनी मामलों की प्रमुख रत्ना सिंह ने एक्स पर कहा कि दिल्ली पुलिस पीड़िता और अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर रही थी और उनके फोन जब्त करने पर भी विचार कर रही थी.

इस बीच, भगत के खिलाफ शिकायतें व्यापक जन आक्रोश के बावजूद लंबित रहने के दौरान, दिल्ली पुलिस ने मंगलवार (6 अक्टूबर) को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया. उस पर भगत द्वारा एक महिला का यौन उत्पीड़न किए जाने का एआई-जनरेटेड वीडियो पोस्ट करने और उसे प्रसारित करने का आरोप है. पुलिस का आरोप है कि गिरफ्तार व्यक्ति नदीम अहमद अमीन, जो एक पत्रकार है, ने यह वीडियो सोशल मीडिया समाचार चैनल 'न्यूज़ आईना टुडे' से जुड़े एक इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट किया था.

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/ranchi-nhrc-notice-on-birhor-deaths-from-ntpc-mining-in-hazaribagh-40399561.html

हजारीबाग में कोयला खनन क्षेत्र में ब्लास्ट मामला, प्रदूषण से हो रही आदम बिरहोरों की मौत पर NHRC ने जारी किया नोटिस
By Dilip Kumar Edited By: Mansi Kumari
Published: Fri, 09 Oct 2026 05:19 PM (IST)

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने हजारीबाग के केरेडारी में एनटीपीसी के कोयला खनन से आदिम बिरहोर जनजाति के अस्तित्व पर संकट और मौतों के मामले में डीसी हजारीबाग व एनटीपीसी सीएमडी को नोटिस जारी किया है।

राज्य ब्यूरो, रांची। हजारीबाग के केरेडारी में नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) के कोयला खदान में ब्लास्ट से हो रही आदिम बिरहोर जनजाति के अस्तित्व पर संकट मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने हजारीबाग के डीसी व एनटीपीसी से मुख्य महाप्रबंधक (सीएमडी) को नोटिस जारी किया है। आयोग ने दोनों ही अधिकारियों से दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट एक नवंबर तक आयोग को भेजा जाना है। अधिकारियों से इस समस्या के समाधान, बिरहोर समुदाय के पुनर्वास को लेकर उठाए गए कदम की जानकारी मांगी गई है।

आयोग ने पूछा है कि बिरहोर परिवारों के पुनर्वास व सुरक्षा के लिए क्या कोई सौहार्दपूर्ण व स्थाई समाधान निकाला गया है कि नहीं। आयोग ने इससे पूर्व 11 मार्च 2025 को भी नोटिस जारी कर रिपोर्ट मांगी थी और कहा था कि जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता, पीड़ित बिरहोर परिवार के पुनर्वास की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक खनन कार्य बंद करें। इसके बावजूद 18 महीने बाद भी समस्या का समाधान नहीं निकलने और खनन कार्य जारी रहने पर आयोग ने आपत्ति जताई है। जब रिपोर्ट मांगी गई थी, उस वक्त दो मौतों से संबंधित थी, अब मौतों की संख्या आठ हो चुकी है, जिसका जिक्र जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में की है। हालांकि, उस रिपोर्ट में किसी भी शव का पोस्टमार्टम नहीं होने से मौत के कारण स्पष्ट नहीं होने की बात कही गई है।

आयोग में वर्ष 2024 में की गई थी शिकायत, एसडीएम हजारीबाग ने की थी जांच

हजारीबाग के ही बड़कागांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता शनिकांत ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने वर्ष 2024 में शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि केरेडारी थाना क्षेत्र में एनटीपीसी के माध्यम से किए जा रहे अनियंत्रित खनन व उससे फैल रहे प्रदूषण के कारण आदिम बिरहोर जनजाति के अस्तित्व पर संकट हो गया है। खनन के दुष्प्रभाव से दो लोगों की जान जा चुकी है। स्थानीय पुलिस व प्रशासन ने खनन कंपनी के विरुद्ध उचित कार्रवाई के बजाय लिपापोती की है। इस शिकायत पर आयोग के निर्देश के बाद हजारीबाग के सदर एसडीएम के नेतृत्व में गठित संयुक्त जांच समिति ने जमीनी हकीकत की जांच की थी। जांच रिपोर्ट में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए थे कि परियोजना की शुरुआत चट्टी बरियातू कोल माइनिंग प्रोजेक्ट 25 अप्रैल 2022 से शुरू हुआ था। जर्जर मकान और ब्लास्टिंग का असर पगार गांव के बिरहोर टोला पर पड़ा, जहां 33 घर हैं। खदान के बिल्कुल नजदीक स्थित चार मकान पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। भारी ब्लास्टिंग से ग्रामीणों के घरों को गंभीर क्षति पहुंच रही है।

जांच में जो तथ्य आए थे सामने

खदान से उड़ने वाले भारी धूलकणों के कारण बिरहोर समुदाय के लोग लगातार बुखार, खांसी और श्वसन तंत्र के गंभीर संक्रमण से जूझ रहे हैं।

खनन कार्य शुरू होने के बाद दुर्गा बिरहोर और किरण कुमारी नामक दो लोगों की मौत की पुष्टि रिपोर्ट में की गई थी, उसके बाद जिला प्रशासन की अन्य रिपोर्ट में 8 मौत की पुष्टि हुई है।

संयुक्त समिति ने स्पष्ट रूप से टिप्पणी की थी कि जब तक बिरहोरों का सुरक्षित पुनर्वास नहीं हो जाता, तब तक इस क्षेत्र में खनन गतिविधियां जारी रखना कतई उचित नहीं है।

इन आठ लोगों की हो चुकी है मौत

नाम उम्र मृत्यु की तिथि

बिराज बिरहोर 70 वर्ष 13 मार्च 2024
किरनी कुमारी 12 वर्ष 28 फरवरी 2024
आकेश बिरहोर 10 वर्ष 11 जुलाई 2024
दुर्गा बिरहोर 46 वर्ष 10 अप्रैल 2024
गीता देवी 39 वर्ष 19 अप्रैल 2025
ननकी देवी 47 वर्ष 25 अक्टूबर 2025
रूप कुमारी 14 वर्ष 23 अप्रैल 2025
नवजात दो माह 13 नवंबर 2025
नोट: सभी मृतक हजारीबाग के केरेडारी प्रखंड के चट्टी बारियातू पंचायत के बिरहोर टोला के पगार गांव के निवासी हैं।

Source: https://lagatar.in/ntpc-mining-project-threatens-the-very-existence-of-birhor-tribe

NTPC की खनन परियोजना से बिरहोरों के अस्तित्व पर संकट, NHRC सख्त, डीसी से जवाब-तलब
By Pravin Kumar
Last Updated: Oct 09, 2026 05:22 PM (IST)

Ranchi/Hazaribagh News: मामले में सबसे गंभीर पहलू बिरहोर समुदाय के आठ लोगों की मौत से जुड़ा है. शिकायत और प्रशासनिक जांच रिपोर्ट के अनुसार, खनन शुरू होने के बाद समुदाय के लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं. हालांकि इन मौतों के कारणों और खनन के साथ उनके प्रत्यक्ष संबंध की

Ranchi/Hazaribagh News: हजारीबाग के केरेडारी स्थित एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने सख्त रुख अपनाया है. खनन क्षेत्र के पास रहने वाले विलुप्तप्राय आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय की सुरक्षा और पुनर्वास में देरी पर आयोग ने जिला प्रशासन से जवाब मांगा है. आयोग ने हजारीबाग के उपायुक्त को दो सप्ताह के भीतर स्थिति स्पष्ट करने और एक नवंबर तक विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है.

मामले में सबसे गंभीर पहलू बिरहोर समुदाय के आठ लोगों की मौत से जुड़ा है. शिकायत और प्रशासनिक जांच रिपोर्ट के अनुसार, खनन शुरू होने के बाद समुदाय के लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं. हालांकि इन मौतों के कारणों और खनन के साथ उनके प्रत्यक्ष संबंध की स्वतंत्र पुष्टि जरूरी है. स्थानीय स्तर पर खनन से फैलने वाले प्रदूषण, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और मकानों को नुकसान पहुंचने की शिकायतें भी उठाई गई हैं.

8 बिरहोरों के मौत की रिपोर्ट

जांच समिति ने पुनर्वास से पहले खनन पर उठाए सवाल

चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना 25 अप्रैल 2022 से संचालित है. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर हजारीबाग के सदर एसडीएम के नेतृत्व में गठित संयुक्त जांच समिति ने क्षेत्र का निरीक्षण किया था. रिपोर्ट में पगार गांव के बिरहोर टोले के 33 घरों का उल्लेख है. इनमें खदान के नजदीक स्थित चार मकानों की स्थिति जर्जर बताई गई है. रिपोर्ट में ब्लास्टिंग से मकानों को नुकसान पहुंचने और धूल के कारण ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां होने की बात भी सामने आई.

NHRC की ओर से डीसी को लिखा लेटर

जांच समिति ने बिरहोर परिवारों के सुरक्षित पुनर्वास का सवाल उठाया था. समिति की रिपोर्ट के मुताबिक, पुनर्वास सुनिश्चित किए बिना खनन गतिविधियां जारी रखना उचित नहीं है. इसके बावजूद खनन जारी रहने को लेकर आयोग ने चिंता जताई है. आयोग ने अपनी टिप्पणी में कहा कि उपलब्ध जांच रिपोर्ट से ऐसा प्रतीत होता है कि बिरहोर समुदाय के जीवन और कल्याण की तुलना में खनन को प्राथमिकता दी गई. आयोग ने एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) से भी जवाब मांगा था कि जांच समिति की सिफारिशों के बावजूद खनन जारी रखने का आधार क्या था. भूमि अधिग्रहण से पहले सामाजिक प्रभाव आकलन कराए जाने के संबंध में भी सवाल उठाए गए.

ढेंगा पुनर्वास कॉलोनी पर सहमति नहीं

बिरहोर परिवारों के पुनर्वास का मामला लंबे समय से लंबित है. प्रशासन और एनटीपीसी की ओर से बड़कागांव के ढेंगा क्षेत्र में पुनर्वास कॉलोनी विकसित करने का प्रस्ताव दिया गया था. हालांकि बिरहोर परिवारों ने वहां जाने को लेकर असहमति जताई है. समुदाय के लोगों का कहना है कि उनका जीवन जंगल, पारंपरिक आजीविका और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा है. वे ऐसी जगह बसना चाहते हैं, जहां उनकी परंपराएं और जीवनशैली बनी रह सके. ग्रामीणों की ओर से सलगा गांव या डुमरी प्रखंड से सटे वन क्षेत्र में पुनर्वास का विकल्प भी सुझाया गया है. जिला प्रशासन ने इस संवेदनशील मामले का समाधान निकालने के लिए मानवविज्ञानी की मदद से योजना तैयार करने के वास्ते अतिरिक्त समय मांगा था. मार्च 2025 में उपायुक्त ने आयोग से समय देने का अनुरोध किया था.

लेकिन 18 महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी पुनर्वास का स्थायी समाधान नहीं निकल सका है.

एक नवंबर तक कार्रवाई रिपोर्ट देने का निर्देश

आयोग के संयुक्त रजिस्ट्रार (विधि) इंद्रजीत कुमार की ओर से जारी आदेश में हजारीबाग के उपायुक्त को दो सप्ताह के भीतर पुनर्वास और सुरक्षा से संबंधित प्रगति बताने को कहा गया है. साथ ही एक नवंबर तक विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट एचआरसीनेट पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया है. अब निगाहें जिला प्रशासन और एनटीपीसी के जवाब पर हैं. सवाल यह है कि बिरहोर परिवारों को सुरक्षित स्थान पर बसाने की ठोस योजना कब लागू होगी और खनन से प्रभावित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे. यह मामला केवल पुनर्वास का नहीं, बल्कि एक संकटग्रस्त आदिम जनजाति के जीवन, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक अस्तित्व की रक्षा का भी है.

Source: https://vocaltv.in/national/nhrc-foundation-day-php/cid19367368.htm

एनएचआरसी के 33वें स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे सीजेआई सूर्यकांत
By VocalTV Desk | Oct 9, 2026, 17:29 IST

नई दिल्ली, 09 अक्टूबर (हि.स.)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) 12 अक्टूबर को दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में अपना 33वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित करेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोग के अनुसार समारोह की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमणियन करेंगे। इस अवसर पर आयोग के सदस्य न्यायमूर्ति बिद्युत रंजन सारंगी, विजया भारती सयानी, प्रियांक कानूनगो और महासचिव पीयूष गोयल सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक एवं न्यायिक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

स्थापना दिवस समारोह के उपरांत आयोग की ओर से 'जल जीवन का अमृत: जल के अधिकार के माध्यम से मानवीय गरिमा को बढ़ावा देना' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में दो तकनीकी सत्र होंगे। इनमें पहला जल के अधिकार की नींव की रक्षा और दूसरा पेयजल स्रोतों का संरक्षण करना शामिल है। इस विचार-विमर्श में शिक्षाविद, शोधकर्ता, नागरिक समाज के प्रतिनिधि और मानवाधिकार विशेषज्ञ सुरक्षित जल तक पहुंच को मानवीय गरिमा के अधिकार के रूप में रेखांकित करेंगे।

एनएचआरसी ने अपने 33 वर्षों के कार्यकाल में मानवाधिकारों की रक्षा और कानूनी सुधारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनमें निपटाए गए मामले में 3,100 स्वतः संज्ञान मामलों सहित कुल 24,33,716 मामलों का सफल निपटारा किया गया। मानवाधिकार उल्लंघन के पीड़ितों को 9,085 मामलों में ₹274 करोड़ से अधिक की आर्थिक क्षतिपूर्ति की सिफारिश की गई। समाज के वंचित वर्गों, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों, कैदियों, ट्रक चालकों, अनौपचारिक श्रमिकों और मानसिक स्वास्थ्य के अधिकारों पर अब तक 35 महत्वपूर्ण परामर्श जारी किए गए। कुष्ठ रोग से ग्रसित व्यक्तियों के साथ भेदभाव करने वाले 97 कानूनों में संशोधन की सिफारिश आयोग की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल है।

आयोग ने बीते वर्ष में वन अधिकार, वृद्ध महिलाओं के प्रति हिंसा, बाल सुरक्षा और मानव तस्करी जैसे विषयों पर 6 शोध अध्ययन पूरे किए और 6 नए शोध कार्य शुरू किए। इसके साथ ही युवा अधिकारियों और सुरक्षा बलों में मानवाधिकार संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए विभिन्न अकादमियों के साथ विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल संचालित किए जा रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर, एनएचआरसी ने विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर 'ग्लोबल साउथ' के देशों के लिए पांच विशेष क्षमता निर्माण कार्यक्रम पूरे किए हैं। इनमें अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया-प्रशांत के 46 देशों के 149 वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आम नागरिकों के लिए आयोग ने 'एचआरसीनेट' पोर्टल और मोबाइल ऐप की सुविधा को और उन्नत किया है, जिसके जरिए देश का कोई भी नागरिक सीधे ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर वास्तविक समय में उसकी प्रगति देख सकता है।

हिन्दुस्थान समाचार / श्रद्धा द्विवेदी

Dainik Bhaskar, Online News, 10/10/2026

Source:
https://www.bhaskar.com/amp/local/bihar/samastipur/news/samastipur-stray-dog-attack-victim-family-compensation-nhrc-139300990.html

कुत्तों के झुंड ने ली 10 वर्षीय अस्मिता की जान: मानवाधिकार आयोग की पहल पर परिवार को मिला 7.50 लाख मुआवजा; पिता की पहले ही हो चुकी है मौत
समस्तीपुर | 15 घंटे पहले

समस्तीपुर के हसनपुर प्रखंड के बड़गांव में आवारा कुत्तों के हमले में जान गंवाने वाली 10 साल की अस्मिता कुमारी के परिवार को बिहार सरकार ने 7.50 लाख रुपए का मुआवजा दिया है। यह आर्थिक सहायता राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की पहल पर मिली है।

अप्रैल महीने में अस्मिता अपनी दो सहेलियों के साथ शौच के लिए खेत में गई थी। तभी 15 से 20 आवारा कुत्तों के झुंड ने उन्हें घेर लिया। दो बच्चियां भाग निकलीं, लेकिन कुत्तों ने अस्मिता पर हमला कर दिया। कुत्तों के काटने से अस्मिता गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जिलाधिकारी को मिला था लेटर, पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का निर्देश दिया था

इस मामले में उत्तर प्रदेश के राजीव कुमार शर्मा ने मानवाधिकार आयोग में याचिका दायर की थी। आयोग की सुनवाई के बाद बिहार सरकार को मुआवजा देने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद बिहार सरकार के संयुक्त सचिव की ओर से 15 जून को समस्तीपुर के जिला पदाधिकारी के नाम पत्र जारी किया गया। लेटर के माध्यम से मृत बच्ची के परिवार को 7.50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। सरकारी निर्देश मिलने के बाद जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवार को निर्धारित राशि का भुगतान करा दिया।

पीड़िता की मां जताया आभार

परिवार पर पहले से ही दुखों का पहाड़

अस्मिता की मौत ने उसके परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया था। परिवार की स्थिति पहले से ही खराब थी, क्योंकि बच्ची के पिता हरेराम यादव का भी कुछ समय पहले निधन हो चुका था। मां उषा यादव के अनुसार, अस्मिता की दो बहनें हैं और दोनों की शादी हो चुकी है। ऐसे में परिवार के लिए बच्ची को खोने का दर्द और भी असहनीय हो गया।

'पीड़ित परिवार को राशि का भुगतान कर दिया गया है'

इस मामले में जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने बताया कि बिहार सरकार के संयुक्त सचिव की ओर से 15 जून 2026 को पीड़ित परिवार को 7.50 लाख रुपए मुआवजा देने का निर्देश जारी किया गया था। पत्र प्राप्त होने के बाद परिवार को राशि का भुगतान कर दिया गया है।

सुरक्षा पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के हमलों से बच्चों की सुरक्षा का सवाल भी खड़ा किया है। खेतों और खुले स्थानों पर जाने वाले बच्चों के लिए इस तरह के झुंड गंभीर खतरा बन सकते हैं। अस्मिता की मौत के बाद अब परिवार को सरकारी सहायता तो मिल गई है, लेकिन मासूम बच्ची की कमी की भरपाई कभी नहीं हो सकेगी।

Source: https://www.jagran.com/news/national-nhrc-to-celebrate-33rd-foundation-day-cji-suryakant-chief-guest-40399696.html

NHRC 12 अक्टूबर को मनाएगा 33वां स्थापना दिवस, CJI सूर्यकांत होंगे मुख्य अतिथि
By Digital Desk Edited By: Shubham Tiwari
Published: Fri, 09 Oct 2026 06:52 PM (IST)

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) 12 अक्टूबर को विज्ञान भवन में अपना 33वां स्थापना दिवस मनाएगा, जिसमें प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत मुख्य अतिथि होंगे।

डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) 12 अक्टूबर को विज्ञान भवन में अपना 33वां स्थापना दिवस मनाएगा। आयोग ने शुक्रवार को बताया कि प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) सूर्यकांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में आयोग के अध्यक्ष जस्टिस वी. रामासुब्रमण्यम (सेवानिवृत्त), सदस्य जस्टिस बिद्युत रंजन सारंगी (सेवानिवृत्त), विजया भारती सयानी और प्रियांक कानूनगो, महासचिव पीयूष गोयल तथा अन्य अधिकारी शामिल होंगे।

12 अक्टूबर 1993 को स्थापना के बाद से आयोग में 24,33,716 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें स्वत: संज्ञान के 3,100 मामले शामिल हैं। आयोग ने मानवाधिकार उल्लंघन के पीड़ितों को 9,085 मामलों में 274 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक राहत देने की सिफारिश की है। एक अक्टूबर 2025 से 30 सितंबर तक की अवधि में 54,673 शिकायतें और स्वत: संज्ञान के 119 मामले दर्ज हुए। आयोग ने 80 मौके पर जांच की, 53,733 मामलों का निपटारा किया और 157 मामलों में 9.7 करोड़ रुपये से अधिक की राहत की सिफारिश की।

(समाचार एजेंसी पीटीआई के इनपुट के साथ)

Dainik Bhaskar, Online News, 10/10/2026

Source:
https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/hazaribagh/nhrc-demands-report-on-rehabilitation-of-birhor-community-affected-by-mining

हजारीबाग में बिरहोर परिवारों के पुनर्वास पर NHRC सख्त, डीसी से दो सप्ताह में मांगी रिपोर्ट
Author Rana Pratap Edited by कुमार विश्वत सेन
Updated: Fri, 9 Oct 2026 09:10 PM (IST)

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने हजारीबाग के बिरहोर समुदाय के पुनर्वास पर सख्त कदम उठाया है. उपायुक्त को दो हफ्तों में स्थायी समाधान की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है.

NHRC Letter: झारखंड के हजारीबाग जिले में चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से प्रभावित बिरहोर समुदाय के पुनर्वास को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने सख्त रुख अपनाया है. आयोग ने हजारीबाग के उपायुक्त हेमंत सती को निर्देश देते हुए सवाल पूछा है कि दो सप्ताह के भीतर बताया जाए कि बिरहोर समुदाय के पुनर्वास और स्थानांतरण के लिए कोई स्थायी समाधान निकला है या नहीं? आयोग ने मामले में आगे विचार के लिए 1 नवंबर 2026 तक अतिरिक्त और पूरी रिपोर्ट भी मांगी है.

खनन से घरों को नुकसान की शिकायत

आयोग के समक्ष शिकायतकर्ता मंटू सोनी उर्फ शशिकांत ने आरोप लगाया था कि खनन के दुष्प्रभाव से दो लोगों की मौत हुई और बिरहोर समुदाय के जीवन पर खतरा पैदा हो गया है. शिकायत में पुलिस और प्रशासन पर उचित कार्रवाई नहीं करने का आरोप भी लगाया गया है. मामले की जांच के लिए गठित संयुक्त समिति ने पाया कि पगार गांव के बिरहोर टोला में 33 घर हैं. इनमें से चार घर खनन स्थल के पास जर्जर स्थिति में हैं. समिति की रिपोर्ट में धूल के कारण बुखार, खांसी और सांस संबंधी संक्रमण जैसी समस्याओं का भी उल्लेख किया गया है.

समिति ने खनन रोकने की दी थी सलाह

संयुक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि ब्लास्टिंग के कारण बिरहोर परिवारों के घरों को नुकसान पहुंच रहा है. समिति ने यह भी कहा कि जब तक बिरहोर परिवारों का पुनर्वास नहीं हो जाता, तब तक खनन जारी रखना उचित नहीं है. 8 अप्रैल 2025 को आयोग ने इस रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए एनटीपीसी से खनन जारी रखने का कारण और भूमि अधिग्रहण से पहले सामाजिक प्रभाव आकलन किए जाने की जानकारी मांगी थी. जिला प्रशासन से भी समिति की टिप्पणियों पर की गई कार्रवाई का ब्योरा देने को कहा गया था.

एनटीपीसी ने बताये सुरक्षा और पुनर्वास के उपाय

एनटीपीसी ने आयोग को बताया कि खनन कार्य बिरहोर बस्ती से करीब 350 मीटर की दूरी पर हो रहा है और आवश्यक मंजूरियां ली गई हैं. कंपनी ने धूल रोकने के लिए सुरक्षा जाल, नियमित पानी का छिड़काव, पेड़ लगाने और स्वचालित पानी छिड़काव प्रणाली जैसी व्यवस्थाओं की जानकारी दी. एनटीपीसी ने धेंगा पुनर्वास कॉलोनी में स्थानांतरण का प्रस्ताव भी रखा, लेकिन अधिकांश परिवार वहां जाने को तैयार नहीं हुए.

पुश्तैनी जंगल से जुड़ाव पुनर्वास में बड़ी चुनौती

जिला प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार, बिरहोर परिवार अपने पुश्तैनी जंगल और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े होने के कारण दूसरी जगह बसने को लेकर सहमत नहीं हैं. कुछ परिवारों ने सलगा गांव में बसने की इच्छा जताई थी, जबकि अन्य जंगल के पास जमीन चाहते थे. प्रशासन ने उपयुक्त सरकारी जमीन

तलाशने और जरूरत पड़ने पर निजी जमीन लेने की संभावना पर भी विचार किया है. अब आयोग ने जिला प्रशासन से स्पष्ट जवाब मांगा है कि पुनर्वास का स्थायी समाधान निकला या नहीं. मामले में आगे की कार्रवाई आयोग को सौंपी जाने वाली रिपोर्ट पर निर्भर करेगी.

Dainik Bhaskar, Online News, 10/10/2026

Source: https://www.bhaskar.com/local/bihar/gayaji/news/south-bihar-central-university-phd-student-sexual-harassment-case-139306673.html

'कपड़े मेरी मर्जी के पहनो... घंटों केबिन में बैठो': CUSB की छात्रा धरने पर बैठी, सुरपवाइजर पर लगाया सेक्शुअल हैरेसमेंट का आरोप; NCW-NHRC में भी शिकायत

दीपेश | गयाजी 17 मिनट पहले

साउथ बिहार सेंट्रल यूनिवर्सिटी के बायोइंफॉर्मेटिक्स विभाग की पीएचडी रिसर्च की एक छात्रा ने अपने सुपरवाइजर पर सेक्शुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया है। न्याय की मांग को लेकर गुरुवार रात से यूनिवर्सिटी परिसर में धरने पर बैठी हैं। उसके समर्थन में यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं धरने पर बैठे हैं। आरोप है कि यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट न केवल छात्रा की मांगों की अनदेखी कर रहा, बल्कि रात के अंधेरे में अभद्र व्यवहार और मारपीट की जा रही है। इस मामले में यूनिवर्सिटी के प्रॉक्टर से बातचीत की कोशिश की तो उन्होंने पीआरओ का नंबर देकर बातचीत करने को कहा। जब पीआरओ से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि मामला कोर्ट में है। यूनिवर्सिटी कैंपस के बाहर धरने पर बैठी छात्रा। अब सिलसिलेवार तरीके से जानिए पूरा मामला

शिकायतकर्ता ने बताया कि साल 2019 में यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया था। साल 2023 में मैंने अपने सुरपवाइजर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। शिकायत पर कार्रवाई करने के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने मेरा ही एडमिशन रद्द कर दिया। इसके बाद मैंने पटना हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट से राहत मिलने पर 2026 में एडमिशन बहाल किया गया। एडमिशन होने के बाद एक नए सुपरवाइजर के अधीन किया गया था, लेकिन महज एक महीने के भीतर उन्हें भी निलंबित कर दिया गया। यूनिवर्सिटी प्रशासन मेरा समय बर्बाद करने और प्रताड़ित करने की साजिश रच रहा है। धरने पर बैठी छात्रा ने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

अब पढ़िए छात्रा के सेक्शुअल हैरेसमेंट की कहानी

दैनिक भास्कर से बातचीत में छात्रा ने बताया कि मेरे सुपरवाइजर प्रोफेसर आशीष शंकर की नीयत ठीक नहीं थी। वो चाहते थे कि मैं उनके हिसाब से कपड़े पहनकर आऊं, विशेष कर टाइट जींस पहनकर रहे। प्रोफेसर मुझसे कहते थे कि तुम्हारे चेहरे पर पिंपल्स क्यों आ रहे हैं? ऐसा क्यों है? 'प्रोफेसर आशीष शंकर चाहते थे कि मैं उनके हिसाब से उठूं-बैठूं, उनसे बातें करूं और वीडियो कॉल से संपर्क में रहूं। केबिन में बुलाकर घंटों बातें करने का दबाव बनाते थे। हम यूनिवर्सिटी में पीएचडी करने आए है या प्रोफेसर के केबिन में बैठकर घंटों बातें करने?'

'बात नहीं मानी तो करियर का बैंड बजा दिया'

छात्रा का कहना है कि मैं बहुत बोल्ड हूं। इसलिए वो मेरे साथ ज्यादा कुछ गलत नहीं कर पाए। लेकिन गलत करने की कोशिश की। जब मैंने उनकी बातें नहीं मानी तो उन्होंने मेरे करियर का बैंड बजा दिया। आज 7 साल बाद भी मैं यहां खड़ी हूं, वरना मैं भी कहीं असिस्टेंट प्रोफेसर होती। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय का गेट।

NCW और NHRC में शिकायत, अब सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी

कानूनी स्थिति पर बात करते हुए छात्रा ने बताया कि मामला अभी पुलिस या निचली अदालत में नहीं गया है। 28 सितंबर को राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) में शिकायत दर्ज कराई गई है। इन दोनों आयोग से न्याय नहीं मिलती है तो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

अब समझिए नया विवाद: गाइड का निलंबन और चोरी का आरोप

छात्रा ने बताया कि 9 सितंबर को 'लैब से कंप्यूटर स्टेशनरी चोरी करने' का झूठा आरोप लगाया गया। हालांकि बाद में प्रशासन ने एक साधारण ईमेल भेजकर इस आरोप को वापस ले लिया। छात्रा की मांग है कि जिस तरह लेटरहेड पर बेबुनियाद आरोप लगाकर बदनाम किया गया था। उसी तरीके से लेटरहेड पर ही सार्वजनिक रूप से आरोपों को वापस लिया जाए।

शिकायतकर्ता की ये है मांग

प्री-पीएचडी सब्मिशन की अनुमति: छात्रा का कहना है कि उनकी न्यूनतम पात्रता (रिसर्च पेपर और कॉन्फ्रेन्स) पूरी हो चुकी है। इसलिए तुरंत प्री-पीएचडी सबमिशन की अनुमति व नोटिफिकेशन दिया जाए।

यौन उत्पीड़न रिपोर्ट सार्वजनिक हो: पूर्व सुपरवाइजर के खिलाफ दी गई शिकायत पर गठित आंतरिक समिति की जांच रिपोर्ट छात्रा को सौंपी जाए।

झूठे आरोपों की औपचारिक वापसी: लेटरहेड जारी कर चोरी के झूठे आरोपों को रद्द किया जाए।

गाइड की जल्द बहाली या समाधान: बार-बार गाइड बदले जाने से उनका शोध कार्य और विषय बाधित हो रहा है जिसका स्थाई समाधान निकाला जाए।

रात के अंधेरे में मारपीट और सामान फेंकने का आरोप

धरने में शामिल छात्रों ने यूनिवर्सिटी के सुरक्षाकर्मियों और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रों का कहना है कि गुरुवार रात में करीब 12 बजे से तड़के 5 बजे के बीच परिसर की लाइटें बंद कर दी गईं। इस दौरान हमलोगों के साथ मारपीट और गाली-गलौज की गई। सुरक्षाकर्मियों ने हमलोगों का खाना और निजी सामान बाहर फेंक दिया, जरूरी दस्तावेज जब्त कर लिए और पैसे छीनने की कोशिश की। धरने पर बैठी छात्रा का दावा है कि उसके साथ मारपीट भी की गई है।

प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

वहीं, छात्रा का कहना है कि राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई है लेकिन अब तक किसी प्रकार का कोई कदम नहीं उठाया गया है। अब राहत न मिलने पर छात्रा कोर्ट जाने की तैयारी में है। वहीं, छात्रा का साथ दे रहे अन्य स्टूडेंट्स का कहना है कि तब तक धरने से नहीं हटेंगे, जब तक न्याय नहीं मिल जाता। वहीं इस मामले में प्रॉक्टर प्रणय कुमार से फोन पर पक्ष जानने की कोशिश की।

संवाददता- क्या मामला है, आप बताएंगे?
प्रॉक्टर- आप एक बार पीआरओ से बात कर लीजिए। उनका नंबर है आपके पास? वह आपको सब कुछ स्पष्ट बता देंगे।
संवाददाता- क्या इसमें आपका कोई लेना-देना नहीं है?
प्रॉक्टर- हमारा काम छात्र अनुशासन का मामला देखना होता है।
संवाददाता- तो यह अनुशासन में आएगा या नहीं?
प्रॉक्टर- अनुशासनहीनता तो है ही। लेकिन अभी हम लोग स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और छात्रा की बात सुनने व उसकी मदद करने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। हालाँकि, वह अपनी बात बताने के लिए तैयार नहीं है।
संवाददाता- आपका व्यू मिल जाता तो ठीक रहता।
प्रॉक्टर- संस्थागत चैनल पीआरओ ही होते हैं, वही आपको सभी पक्ष एक साथ बता पाएंगे। मैं तो केवल अपना व्यक्तिगत व्यू दे पाऊंगा। यदि आप कहें तो मैं आपका नंबर उन्हें दे देता हूं।
संवाददाता- जी दे दीजिए।

वहीं सीयूएसबी के पीआरओ मुद्दीसर ने कहा कि फिलहाल एक कार्यक्रम में व्यस्त हूं। 4 बजे शाम को बात करता हूं। वैसे जिस मामले का आप जिक्र कर रहे हैं, वो कोर्ट में है।

'फिलहाल मामला कोर्ट में है'

वहीं, आरोपी सुपरवाइजर प्रोफसर आशीष शंकर से जब बात हुई तो उन्होंने कहा कि मामला कोर्ट में है। लेकिन जब संवाददता ने पूछा कि कौन सा मामला कोर्ट में है। छात्रा के साथ सेक्सयूल हरासमेंट का या फिर अनुशासनहीनता का। इस पर वह स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। कहने लगे पीआरओ ही बताएंगे और धन्यवाद कहते हुए फोन रख दिया।